Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 7th September, 2023

SAT Examination Notification

सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा इसी साल, सेट का रिजल्ट महीनेभर में, चयनित कर सकेंगे आवेदन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) का रिजल्ट महीनेभर में घोषित कर देगा। पीएससी की तैयारी है कि तीन से चार हफ्ते में रिजल्ट जारी हो जाए। यह परीक्षा 27 अगस्त को आयोजित की गई थी। प्रदेश में करीब 68 हजार अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे। 34 विषयों के लिए हुई इस परीक्षा के लिए 12 जिलों में कुल 276 सेंटर बनाए गए थे।

सेट का रिजल्ट आने के बाद पीएससी तय संख्या में अभ्यर्थियों का चयन रिजल्ट की मेरिट के आधार पर करेगा जो सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे। फिर इन चयनित अभ्यर्थियों को सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होंगे।

रजिस्ट्रेशन के लिए कम से तीन सप्ताह का समय दिया जाएगा।

पीएससी सूत्रों के अनुसार सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा इसी साल नवंबर अंत या दिसंबर में आयोजित की जा सकती है। हालांकि जानकारों का कहना है कि उस दौरान चुनाव का दौर रहेगा। ऐसे में परीक्षा केंद्रों पर स्टाफ की उपलब्धता बड़ी चुनौती होगी। इसलिए चुनाव के बाद ही यह परीक्षा संभव है। पीएससी का कहना है अक्टूबर,नवंबर व दिसंबर में कई दूसरी परीक्षाएं प्रस्तावित हैं, उन्हीं के बीच यह परीक्षा भी प्लान करेंगे। सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 1669 पदों के लिए होगी।

सहायक प्राध्यापक में किन विषयों में कितने पद?

बॉटनी	126	हिस्ट्री	77
कॉमर्स	124	गणित	124
केमेस्ट्री	160	संस्कृत	17
अंग्रेजी	200	फिजिक्स	115
अर्थशास्त्र	104	उर्दू	19
हिंदी	116	जुलॉजी	115
लॉ	29	समाजशास्त्र	80
जियोग्राफी	23	राजनीतिक शास्त्र	118
होम साइंस	42	मनोविज्ञान	18

(बाकी अन्य विषयों में 1 से 15 तक पद हैं)

आगे बढ़ता रहा है शेड्यूल

प्रदेशभर के उन शासकीय कॉलेजों में यह नियुक्तियां की जाएंगी, जहां विभिन्न विषयों में फैकल्टी की कमी है। पीएससी करीब पांच साल पहले भी सहायक प्राध्यापक के पद भर चुका है। पहले पीएससी ने अक्टूबर-नवंबर में परीक्षा करवाने की बात कही थी। लेकिन तब सेट अप्रैल और फिर जून में प्रस्तावित थी। अब सेट अगस्त अंत में हुई है। रिजल्ट जारी होने और उसके बाद पास होने वाले अभ्यर्थियों की आवेदन प्रक्रिया में समय लगेगा। चुनाव की तैयारियां भी होंगी।

ANIL MISHRA

(Training & Placement Officer)